जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री दी गयी

कुड़. एपीपीआइ योजना के तहत प्रदान स्वंय सेवी संस्था ने शुक्रवार को प्रखंड के जिंगी पंचायतों में असहायों, रोज कमाने-खाने वाले दिहाड़ी मजदूरों, निःशक्तों तथा विधवाओं के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया. संस्था द्वारा प्रखंड के सभी 14 पंचायतों के एक हजार ग्रामीणों, महिलाओं के बीच खाद्यान्न कीट का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है. प्रखंड के जिंगी पंचायत में आयोजित वितरण कार्यक्रम में पहुंचे प्रदान संस्था के एक्सक्यूटिव मैनेजर चंद्रशेखर ने कहा कि लॉकडाउन से उत्पन्न हालात के बाद प्रखंड में किसी को भूखे नहीं सोने दिया जायेगा. प्रखंड के सभी पंचायतों में एक हजार असहायों का चयन किया गया है. उन्होंने बताया कि खाद्यान्न कीट में बीस किलोग्राम चावल, दाल, आटा, नमक से लेकर रोजमर्रा की सामग्री शामिल है. इस दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए 50 महिलाओं के बीच खाद्यान्न कीट का वितरण किया गया. मौके प्रदान संस्था के जोसेफ टोप्पो तथा जेएसएलपीएस के कई सदस्य शामिल थे.

जिंगी पंचायत में खाद्यान्न सामग्री देते संस्था के चंद्रशेखर.

दाल-भात केंद्र के बरही व ईटा स्थित केंद्रों का निरीक्षण किया. इसके अलावा उन्होंने सिठीयो स्थित दीदी किचेन का निरीक्षण किया. या कि कोई भी जरूरतमंद भूखा ना रहे. सभी के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था है. भोजन कराते वक्त सामाजिक दूरी का अवश्य

आज
कल क

प्रभात खबर
Sat, 11 April 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/50833939